मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार, ब्रांड यूपी को ग्लोबल लेवल पर किया जाएगा प्रमोट

# यूपी लंदन, पेरिस, टोक्यो के ट्रैवल टूरिज्म एक्सपो में शिरकत करेगा

## तैयारी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश पूरी दुनिया में अपनी समृद्ध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत, वन्य अभ्यारण्यों तथा अनुपम सौंदर्य के धनी प्राकृतिक संपदाओं से प्रसिद्ध है। इसी खासियत को प्रमोट करने के लिए राज्य सरकार ने अब इसे दुनिया के सबसे बड़े ट्रैवल मार्केट्स व ट्रैवल एक्सपो में भी शोकेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार, इस वर्ष अगस्त से नवंबर के बीच बैंकॉक के पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए), पेरिस के इंटरनेशनल व फ्रेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम), टोक्यो के टूरिज्म एक्सपो जापान 2024 और लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) में आयोजित होने वाले टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन (यूपी टूरिज्म) अपनी वृहद उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है।

**अगस्त से नवंबर के बीच होंगे आयोजन:** शुरुआत थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक से होगी। बैंकाक में 27 से 29 के बीच पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) का ट्रैवल एक्सपो आयोजित होगा। इसके बाद, फ्रांस की राजधानी पेरिस में इंटरनेशनल व फ्रेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम) का ट्रैवल एक्सपो 17 से 19 सितंबर के बीच आयोजित होगा। वहीं, जापान की राजधानी टोक्यो में जापान टूरिज्म एंड ट्रैवल एसोसिएशन (जेटीटीए) व जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन (जेएनटीओ) द्वारा 26 से 29 सितंबर के मध्य टूरिज्म एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। 5 से 7 नवंबर के मध्य लंदन में टूरिज्म एक्सपो-वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) 2024 का आयोजन होगा।



**04** बड़े देशों की राजधानी में होंगे पर्यटन को लेकर बड़े आयोजन

## विभिन्न सुविधाओं से लैस होंगे स्टॉल

यूपी के पर्यटन को प्रदर्शित करने के लिए चारों ही मुख्य टूरिज्म एक्सपो में यूपी टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए विभिन्न सुविधाओं युक्त स्टॉल का संचालन किया जाएगा। इन स्टॉल्स को बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) व बिजनेस टू कंज्यूमर (बी2सी) मीटिंग प्रक्रिया को कंडक्ट करने के हिसाब से बनाया जाएगा। सभी स्टॉल्स व एग्जिबिशन एरिया वीवीआईपी लाउंज, कॉमन सिटिंग एरिया, सेल्फी प्लॉइंट, एलईडी डिस्प्ले, बैनर जैसी तमाम सुविधाओं से लैस होंगे। सभी स्टॉल पर पर्यटन विभाग के अधिकारी व सर्विस प्रदाता एजेंसी के लोग होंगे जो इंटरैक्शन और मीटिंग्स में प्रतिभाग करेंगे। यहां आगंतुकों को ऑडियो-वीजुअल माध्यम से प्रदेश की गौरवगाथा प्रसारित की जाएगी। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।